लुम्बिनी के विकास के लिए वित्तीय सहायता हेतु नेपाल सरकार का अनुरोध

1612. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नेपाल सरकार ने गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी के विकास के लिए वित्तीय सहायता देने की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) नेपाल सरकार के इस अनुरोध पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

विदेश मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) भारत सरकार ने संग्रहालय परियोजना के लिए दो करोड़ रुपये का अंशदान किया था। यह रकम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अदा की थी और इसकी अदायगी पचास-पचास लाख की चार किस्तों में की गई थी। अन्तिम किस्त नवम्बर, 1989 में अदा की गई थी।

एक और प्रवेश द्वार के खोले जाने के लिए नेपाल का अनुरोध

1613. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :**

डा० बापू कालदाते :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नेपाल ने भारत सरकार से पश्चिम बंगाल की उत्तरी क्षेत्र में एक और प्रवेश द्वार खोलने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में भारत सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या अन्य पड़ोसी देशों ने भी इसी प्रकार के अनुरोध किये हैं; और

(घ) यदि हां, तो उनके अनुरोधों पर सरकार क्या कार्यवाही कर रही है?

विदेश मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) : (क) और (ख) जी हां। नेपाल के प्रधान मंत्री की हाल की भारत यात्रा के दौरान इस मामले पर सामान्य रूप से चर्चा हुई थी। तथापि, न तो किन्हीं विशेष सुझावों पर चर्चा हुई और न ही इस मामले में कोई निर्णय लिया गया।

(ग) जी हां।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Pressler's observations about Pakistan's Nuclear Capacility

1614. SHRI VIREN J. SHAH: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the press reports that U.S. Senator, Mr. Larry pressler, during his recent visit to Pakistan in January, 1992 had confirmed Western reports that Pakistan possessed nuclear devices; and

(b) if so, what are the details of Mr. pressler's observations and what steps Government have taken in this regard?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) Government have noted these press reports and the remarks made by Senator Larry Pressler in his press conference in Pakistan on January 13, 1992.

(b) Senator pressler had observed that the US Government had made a determination that Pakistan had nuclear weapon capability and possessed a nuclear device which it could use. He called upon the Pakistani Government to take steps to publicly dismantle its nuclear bomb and its nuclear capability.